हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

4 घने वनांचल के स्कूल पहुंचे कलेक्टर शिक्षा के नवाचारों की सराहना की





## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की टक्कर दंपती सहित तीन की मौत

**रायगढ़।** जिले के तमनार थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दंपती सहित तीन लोगों की मौत हो गई। दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में यह हादसा हुआ, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम टपरंगा निवासी कांशीराम भुईहर (60) अपनी पत्नी द्रोपती भुईहर (58) के साथ बाइक से बेटी के घर गिरसिमा गए हुए थे। शुक्रवार शाम दोनों अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान टांगरघांट और डूमरघुचा के बीच सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कांशीराम भुईहर को सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल द्रोपती भुईहर को तमनार अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां मातम का माहौल बन गया। इसके अलावा दुर्घटना में दूसरी बाइक पर सवार युवक को भी सिर, हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। जिसे उसके परिजनों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए ओडिशा के अस्पताल लेकर गए, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तमनार पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग पंचनामा की कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

### लल्लू सिंह कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित

**रायगढ़।** किसान नेता लल्लू सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह कांग्रेस से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी के द्वारा जारी किए निष्कासन आदेश में कहा कि 1 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा व अधिकृत निर्णय के विरुद्ध सोशल मीडिया में पार्टी विरोधी पोस्ट करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था लेकिन उनके द्वारा समय सीमा में स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। इसलिए प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर उन्हें 6 वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है।

## अभियान के दौरान कई स्कूलों में मिली थी संसाधनों व स्टॉफ की कमी

# गुणवत्ता अभियान में 400 से अधिक स्कूलों का प्रदर्शन सबसे कमजोर, अब स्थिति सुधारने होगा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

स्कूलों की गुणवत्ता बढ़ाने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की शुरूआत की गई थी। अभियान के तहत प्राथमिक से हायर सेकेण्डरी तक के विद्यार्थियों की पढाई का मूल्यांकन किया गया। पहले चरण में 8 अक्टूबर तक राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से तैयार प्रश्नपत्रों के जरिए विद्र्यार्थियों की परीक्षा ली गई। जिला स्तर के अधिकारी स्कूलों के निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बच्चों से बोर्ड पर लिखवाया और साथ ही पुस्तकें भी पढवाई गई। रिपोर्ट के अनुसार इस अभियान के दौरान जिले 400 से अधिक स्कूलों का प्रर्दशन बेहद कमजोर मिला। रिपोर्ट के अनुसार प्रायमरी, मीडिल और हाई स्कूलों को मिलाकर कुल 409 स्कूलों को डी ग्रेड मिला है। इन स्कूलों में संसाधनों की कमी, किताबें समय पर नहीं मिलना, स्टॉफ की अनुपस्थिती और सिलेबस अधूरा पाया गया। इनमें सबसे अधिक 250 प्राइमरी स्कूल जबकि 100 मीडिल और 59 हाई स्कूल का प्रदर्शन खराब मिला है। जिले के कई स्कूलों में तो बरामदे में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं और कुछ स्कूलों में कमरे की कमी होने की वजह से दो पालियों में पढाई करवाई जा रही है।



### डी ग्रेड के स्कूलों का अब अफसर व जनप्रतिनिधी करेंगे निरीक्षण

गुणवत्ता अभियान के दौरान डी ग्रेड में आए स्कूलों की स्थिती सुधारने के लिए अब जिले के अफसर एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा इन स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। शिक्षा विभाग के द्वारा निरीक्षण के लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। इसमें बच्चों की पढाई, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन और विगत 3 वर्षों का परीक्षा परिणाम एवं अन्य बिंदुओं के जरिए परखा जाएगा। निरीक्षण के आधार पर स्कूलों को असंतोषप्रद, औसत से कम, संतोषप्रद, औसत से कम और उतकृष्ट जैसे मापदंडों पर स्कूलों की जांच की जाएगी।

### डी ग्रेड में आए जिले के स्कूलों की स्थिति

| ब्लॉक | प्राइमरी | मीडिल | हाई | कुल |
|---|---|---|---|---|
| धरमजयगढ | 75 | 26 | 10 | 111 |
| लैंलूंगा | 32 | 12 | 08 | 52 |
| घरघोडा | 31 | 11 | 07 | 49 |
| तमनार | 52 | 27 | 16 | 95 |
| खरसिया | 13 | 09 | 06 | 28 |
| पुसौर | 19 | 04 | 03 | 26 |
| रायगढ | 28 | 11 | 09 | 48 |
| कुल | 250 | 100 | 59 | 409 |

### उत्कृट स्कूलों के रूप में किया जाएगा विकसित

शिक्षा अभियान के समय जिले के जिन स्कूलों को ए ग्रेड प्राप्त हुए हैं उन स्कूलों को विभाग के द्वारा उत्कृष्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, इसके साथ ही जिन स्कूलों में शिक्षकों एवं संसाधनों की कमी है वहां पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

### सबसे ज्यादा तमनार के स्कूल डी ग्रेड में

गुणवत्ता अभियान के दौरान डी ग्रेड में सबसे ज्यादा तमनार ब्लॉक के स्कूल शामिल हैं, यहां कुल 111 स्कूल डी ग्रेड में शामिल है। जिसमें प्राइमरी के 75, मीडिल के 26 और हाई स्कूल के 10 स्कूल शामिल है।

## जिंदल यूनिवर्सिटी की छात्रा ने हॉस्टल में लगाई फांसी, मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा स्थित ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में बी-टेक सेकंड ईयर की एक छात्रा ने मौत को गले लगा लिया। झारखंड की रहने वाली छात्रा ने आत्महत्या से पहले एक भावुक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने अपनें परिजनों से माफी मांगते हुए अपनी असफलता और माता-पिता की मेहनत की कमाई खर्च होने का गहरा अफसोस जताया है।

जानकारी के अनुसार, मृतिका प्रिंसी कुमारी (20) पिता राजीव कुमार सिंह, जमशेदपुर (टाटा), झारखंड की निवासी थी। घटना शनिवार को रात करीब 8:30 बजे हुई, जब परिजनों ने प्रिंसी को फोन किया। बार-बार घंटी बजने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका में हॉस्टल वार्डन को सूचित किया। वार्डन जब कमरे के पास पहुंची तो दरवाजा भीतर से बंद था। काफी देर तक दस्तक देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तब खिड़की से झांककर देखा गया तब प्रिंसी का शव फंदे से लटका हुआ था। पुलिस को युवती के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें लिखा है कि सॉरी मम्मी-पापा, मैं आपकी इच्छा के अनुरूप नहीं कर पाई। आपके सेविंग अकाउंट का पैसा भी खर्च होता जा रहा है। मैं पढ़ाई में बहुत अच्छी नहीं हूं, मैं आप लोगों का नाम खराब कर रही हूं। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में प्रिंसी ने सेमेस्टर फीस के नाम पर अलग-अलग किस्तों में (50 हजार, 35 हजार और 15 हजार) रुपए मंगवाए थे। सुसाइड नोट से प्रतीत होता है कि वह अपनी शैक्षणिक परफॉर्मेंस और परिवार के आर्थिक निवेश के बीच संतुलन नहीं बना पा रही थी।



■ बीटेक सेकेंड ईयर में थी अध्यनरत, सुसाइड नोट में मम्मी पापा से मांगी माफी

### जांच में जुटी पूंजीपथरा थाने की पुलिस

सूचना मिलते ही पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई। रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम घरघोड़ा अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है और हर एंगल से जांच की जा रही है। हॉस्टल के अन्य छात्रों और वार्डन से पूछताछ की जा रही है। छात्रा के मोबाइल फोन और पिछले कुछ दिनों के व्यवहार की भी जांच होगी ताकि तनाव की असल वजह स्पष्ट हो सके।

## बंगुरसिया में 30 हाथियों का दल कर रहा विचरण, विभाग अलर्ट

**रायगढ़।** रायगढ़ वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र रायगढ़ के बंगुरसिया वन क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगभग 30 हाथियों का दल विचरण कर रहा है,जिसे लेकर वन विभाग अलर्ट मोड पर है।

ज्ञात हो कि 19 दिसंबर की रात हाथियों का एक दल बंगुरसिया गांव के आसपास तथा बड़झरिया तालाब क्षेत्र में देखा गया, जहां हाथी सुबह तक मौजूद रहे। इसके पश्चात हाथियों का दल घने वन क्षेत्र की ओर चला गया। अगले दिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा तालाब के समीप निरीक्षण किए जाने पर एक लगभग छह माह का नर हाथी शावक मृत अवस्था में पाया गया। इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। सुरक्षा के दृष्टिगत मृत शावक का शव विच्छेदन कर उसे इंदिरा विहार, रायगढ़ लाया गया, जहां पशु चिकित्सा अधिकारी रायगढ़ की टीम की उपस्थिति में वनमंडलाधिकारी रायगढ़, उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी रायगढ़ व तमनार तथा वन कर्मचारियों के समक्ष शव परीक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। शव परीक्षण के दौरान अंगों को सुरक्षित कर दफनाया गया, वहीं संभावित संक्रामक बीमारी की जांच के लिए जैविक नमूने इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, इज्जतनगर, बरेली (उत्तर प्रदेश) भेजे गए है। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात ही शावक की मृत्यु के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। इस बीच वन विभाग ने क्षेत्रवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

■ वन विभाग ने ग्रामीणों को दी सतर्क रहने की हिदायत



## 1.86 लाख की अवैध धान समेत दो पिकअप जब्त

**रायगढ़।** खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर लैलूंगा पुलिस ने ओड़िशा राज्य से अवैध रूप से धान लाकर उसे छत्तीसगढ़ के किसानों के नाम पर उपार्जन केंद्र में बेचने के प्रयास के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस कार्रवाई में दो पिकअप वाहनों से कुल 60 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 86 हजार रुपए है। मामले का खुलासा खाद्य विभाग लैलूंगा के खाद्य निरीक्षक खुशीराम नायक की रिपोर्ट पर हुआ। उन्होंने बताया कि दिनांक 16–17 दिसंबर की रात्रि को रायगढ़ के संयुक्त दल द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान पाकरगांव–लैलूंगा मार्ग पर दो पिकअप वाहन को रोका गया। जांच में पाया गया कि दोनों वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे और पिकअप में लोड धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में उन्होंने बताया ओड़िशा राज्य से लाया गया धान को शेखर जायसवाल एवं कृष्ण जायसवाल के कहने पर खपाने ला रहे थे, जिससे छत्तीसगढ़ के अन्य कृषकों के नाम पर उपार्जन केंद्र में बेचने की योजना थी, जिससे शासन को आर्थिक क्षति पहुंचती।

पहले भी इसी वाहन पर की जा चुकी है कार्रवाई जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उक्त वाहनों में से एक वाहन को पूर्व में 10 दिसंबर को अवैध धान परिवहन करते हुए प्रभारी तहसीलदार द्वारा जब्त किया गया था, जिसे बाद में मुक्त कर दिया गया था। इसके बावजूद उसी वाहन द्वारा पुनः अवैध धान परिवहन किया जाना गंभीर उल्लंघन पाया गया। यह कृत्य संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा राज्य में धान आयात को लेकर जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। खाद्य निरीक्षक के लिखित आवेदन पर थाना लैलूंगा में अपराध दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ एवं मेमोरेंडम के आधार पर दोनों पिकअप वाहन तथा उनमें लोड 60-60 बोरी धान जब्त किया गया है।



### आरोपियों को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

प्रकरण में आरोपी सुनील कुमार यादव पिता हेमसागर यादव 20 वर्ष निवासी जमुना थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ व निरंजन यादव पिता बालेश्वर यादव 20 वर्ष निवासी डोगादरहा थाना तुमला जिला जशपुर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेसियों ने दिया धरना

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में गांधी प्रतिमा के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

कांग्रेस का कहना है कि भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी के नाम से चल रही ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के नाम और स्वरूप में बदलाव कर महात्मा गांधी के विचारों की हत्या की है। प्रदेश कार्यालय के अव्हान पर मनरेगा के नाम बदलने के विरोध में रायगढ़ में भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन किया। गांधी प्रतिमा के पास धरना देकर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम को हटाकर योजना से जुड़े चिन्ह और स्वरूप को बदला गया है। जो एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने रोजगार गारंटी योजना को कमजोर कर गरीब और मजदूर वर्ग से उनका अधिकार छीन लिया है। पहले इस योजना में केंद्र सरकार की 90 प्रतिशत और राज्य सरकार की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी होती थी जिससे पंचायतों को अधिकार मिलते थे और मजदूरों को 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराया जाता था। वर्तमान सरकार ने इस पूरी व्यवस्था को खत्म कर दिया है। जिससे ग्रामीण मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने एकदिवसीय धरना सभी जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में आयोजित किया गया है और आने वाले समय में पार्टी मजदूरों और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड , **भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## जिला संगठक द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का औचक निरीक्षण



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा एन एस एस ईकाई का सप्त विशेष शिविर ग्राम पंचायत कोटरीमाल में लगाया गया है, शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ रविन्द्र चौबे के निर्देशानुसार जिला संगठक भोजराम पटेल द्वारा शिविर के छठवें दिन औचक निरीक्षण किया गया। पटेल द्वारा शिविर गतिविधि का निरीक्षण पश्चात उद्धबोधन में स्वयं सेवकों को सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व विकाश, समाज को नशामुक्त बनाने में हम सभी का योगदान, प्रेरणादायी चुटकुले के माध्यम से शिक्षा, युवा भारत में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया, भोजराम पटेल के उद्धबोधन से छात्र छात्राओं में नव ऊर्जा का संचार हुआ। जिला संगठक एवं वरिष्ठ स्वयं सेवक अलीशा अंसारी, एकांश पटेल का प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की, अध्यक्ष अरुण पंडा जीएसएल साहू एन एस एस अधिकारी अजय मिश्रा शिविर प्रभारी शिविर सहायक प्रभारी रामप्यारे सूर्यवंशी, मोहित सिंह सिदार द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए जिला संगठक का शिविर निरीक्षण कार्य को विश्वविद्यालय की सक्रियता का द्योतक बताते हुए आभार व्यक्त किया गया।

## एनटीपीसी लारा ने बुजुर्गों को बांटा कंबल



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा ने 19 दिसंबर को अपने कनेक्टिंग सोसाइटी प्रोग्राम के तहत एक दिल को छू लेने वाली पहल की, जिससे प्रोजेक्ट से प्रभावित गांवों के बुजुर्ग नागरिकों और किसानों की ज़िंदगी में बदलाव आया। इस इवेंट में बुजुर्गों को कंबल और किसानों को बीज किट बांटे गए, जो कम्युनिटी की भलाई और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए एनटीपीसी लारा के कमिटमेंट को दिखाता है। यह इवेंट जाने-माने मेहमानों की मौजूदगी में ऑर्गनाइज़ किया गया, जिसमें अनिल कुमार, श्रीमती अनुराधा शर्मा, जाकिर खान और प्रेरिता महिला समिति के दूसरे सीनियर सदस्य शामिल थे। यह इवेंट एनटीपीसीलारा की सोशल ज़िम्मेदारी के प्रति लगन का सबूत था। इस इवेंट से 200 से ज़्यादा लोगों को फ़ायदा हुआ। कंबल बांटने से बुजुर्गों को प्यार मिला, जबकि बीज किट ने किसानों को अपनी ज़मीन की देखभाल करने और बेहतर भविष्य के लिए फसल उगाने में मदद की। एग्रीकल्चर साइंटिस्ट ने मॉडर्न खेती पर लेक्चर दिया और सस्टेनेबल ग्रोथ बनाए रखने के लिए ऑर्गेनिक खेती के फ़ायदों के बारे में बताया। एनटीपीसीलारा की कनेक्टिंग सोसाइटी पहल कम्युनिटी डेवलपमेंट के लिए ऑर्गनाइज़ेशन के होलिस्टिक अप्रोच को दिखाती है। कमज़ोर ग्रुप्स की ज़रूरतों को पूरा करके और सस्टेनेबल तरीकों को बढ़ावा देकर, एनटीपीसीलारा अपने आस-पास के लोगों की ज़िंदगी पर पॉज़िटिव असर डालना जारी रखे हुए है।

## यादव बंडामुंडा आरपीएफ थाना के नए इंस्पेक्टर

**राउरकेला।** रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ विभाग द्वारा बंडामुंडा आरपीएफ थाना के इंस्पेक्टर अरुण कुमार टोकास को हाल ही में निलंबित किए जाने के बाद डीएस यादव को बंडामुंडा आरपीएफ थाना का नया इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है। डीएस यादव को फिलहाल अस्थायी लुक आफ्टर इंस्पेक्टर के रूप में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व डीएस यादव चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय में पैसेंजर सिक्योरिटी सेल में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने यात्री सुरक्षा और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति से बंडामुंडा आरपीएफ थाना के प्रशासनिक एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों में तेजी आने तथा रेलवे परिसर और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। आरपीएफ विभाग के अधिकारियों और कर्मियों में भी इस नियुक्ति को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

## म्यूनिसिपल के पुराने छात्रों की स्मृतियों की महफिल

**राउरकेला।** 19 दिसंबर शुक्रवार को राउरकेला क्लब में म्यूनिसिपल कॉलेज के 1992 बैच प्लस टू साइंस के छात्रों का रीयूनियन आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 35 पुराने छात्र उपस्थित हुए, जिनमें अंशुमान महापात्र, आशीष मोहंती, असीम गुप्ता, गोपाल मित्तल, डॉ. मनोज मोहनतो, सुजीत अग्रवाल, सरदार रणजीत सिंह पाबला, प्रशांत सिन्हा, पवन श्रीवास्तव, अजीत प्रधान, प्रभुदत्त मिश्रा, मनोज अग्रवाल और श्रीधर सिन्हा जैसे प्रमुख नाम शामिल थे। रीयूनियन का माहौल अत्यंत उल्लास और खुशी से भरा हुआ था। सभी ने मिलकर पुराने दिनों की यादों को ताजा किया और नृत्य एवं संगीत के माध्यम से शाम को और भी रंगीन बनाया। स्वादिष्ट रात्रिभोज ने इस मिलन समारोह को और भी खास बना दिया। छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन की कहानियों और मित्रता के अनमोल पलों को साझा किया, जिससे पुराने बंधन और मजबूत हुए। यह रीयूनियन केवल एक सामाजिक मिलन नहीं, बल्कि जीवन के सुनहरे अनुभवों को याद करने और उत्सव के रूप में जीने का अवसर बन गया।

### शहर में सक्रिय अवैध लॉटरी रैकेट का भंडाफोड़

# 25 लाख के साथ लॉटरी के चार अवैध कारोबारी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राउरकेला पुलिस ने शहर में चल रहे अवैध और फर्जी लॉटरी रैकेट का पर्दाफाश किया है। प्लांटसाइट थाना में दर्ज केस संख्या 1139 के तहत पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की। विश्वसनीय सूचना के आधार पर 20 दिसंबर को शहर भर में छापेमारी की गई।

छापेमारी में भारी मात्रा में वेस्ट बंगाल और मिजोरम के फर्जी लॉटरी पर्चेए 25,37,260 नकद, मोबाइल फोन, कंप्यूटर और प्रिंटर सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। इस रैकेट का मुख्य सरगना संजय साहू 51 पुत्र जगदीश प्रसाद साहू, वर्तमान में मेन में गृहस्थी निकट यूनियन बैंक बिल्डिंग निकट निवासरत को गिरफ्तार किया गया। उनके साथ उत्तम कुमार घोष



और बिनोद कुमार साहू रैकेट के सदस्य हैं, जिन्होंने एजेंटों के माध्यम से लॉटरी बेचकर लोगों और सरकार को धोखा दिया। आरोपी लोगों को उच्च रिटर्न का लालच देकर लॉटरी खरीदने के लिए प्रलोभित कर रहे थे। बिनोद साहू फरार हो गया। इसके अलावा पुलिस ने राजेश कुंडू 50, टुकुना मलिक 48 और उत्तम कुमार घोष 66 को भी गिरफ्तार किया। जब्त की गई सामग्री में नकद 25,37,260, 08 मोबाइल फोन, 05 नोट खाता 1 डेस्कटॉप कंप्यूटर सेट मॉनिटर व कैनन प्रिंटर शामिल हैं। एसपी नितेश वाधवानी ने पुलिस मुख्यालय में इसकी पुष्टि की और बताया कि मामले की पूरी जांच अभी जारी है। आरोपियों की संपत्ति और अन्य कागजात की जांच की जा रही है। राउरकेला पुलिस ने अवैध लॉटरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे अपराधों पर सतत कार्रवाई की जाएगी। प्रेस वार्ता में एएसपीआर के मिश्रा, थाना प्रभारी विभत्स प्रधान उपस्थित थे। बता दें की रैकेट के सरगना संजय साहू मूल रूप से सास राम, रोहतास बिहार, सहयोगी राजेश कुंडू खिरपाई, छतना एबांकुरा वेस्ट बंगाल वर्तमान सेक्टर 15, टुकूना मलिक कटक व वर्तमान में सेक्टर दो, उत्तम घोष जगदा जे एफ 201 निवासी हैं। सूत्र बताते हैं की पुलिस ने पूरी योजना बना कर इन्हे पकड़ा। पुलिस की इस कार्यवाई से लॉटरी एजेंटो में हड़कंप मच गई।

## पीएम आवास निर्माण को लेकर शासन-प्रशासन सक्रिय



**पुसौर।** प्रदेश सरकार पीएम आवास निर्माण को लेकर काफी संवदेनशील है, चूंकि बीते सरकार में इस योजना का लाभ अपेक्षाकृत कम हुई बल्कि इसे रोक दिए जाने की भी बात कही जाती है और बीते दो सालों में सरकार अपने पुराने लक्ष्य के साथ साथ अपने कार्यकाल के लक्ष्य को भी पुरा करना चाहती है इसलिए आए दिन शासन प्रशासन के लोग इस पर काम कर रहे हैं।

बावजूद इसके प्रस्तुत किए गए आंकड़े से पीएम आवास निर्माण दस्तावेज में पीछे तो है ही वहीं धरातल में और पीछे होने की खबर प्रकाश में आया है। इसमें कई हितग्राही ऐसे है जो शासन के अनुदान राशि में स्वयं का पैसा मिला कर अपने आवास को मजबुत बना रहे हैं वहीं कई हितग्राही पहला किस्त लेकर गायब हो चुके हैं। बताया जाता है कि ऐसे हितग्राही समूचे पुसौर ब्लाक में 15 प्रतिशत से अधिक है और नगर पंचायत पुसौर में इसकी प्रतिशत 20 तक बताई जा रही है खबरों के मुताविक समूचे प्रदेश में बिलासपुर जिला पीएम आवास को लेकर पहले पायदान में है वहीं रायगढ़ जिला दुसरे पायदान में है और रायगढ़ जिला में पुसौर नगर एवं जनपद पीएम आवास को लेकर पहले श्रेणी में होना बताया जाता है। इसमें सूत्रों का कहना है कि जो आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं वह धरातल में नहीं है इसके लिए संबंधित विभाग से जुडे लोगों को होम वर्क करने की जरूरत है। बीते दिनांक को एनटीपीसी क्षेत्र के लोहाखान के दो हितग्राहियों ने एक साथ अपना पीएम आवास अनुदान राशि में अपना और पैसा मिला कर बना रहे हैं जो योजना को कारगर सिद्ध कर रहा है लेकिन वहीं कुछ हितग्राही ऐसे मिले जो किशत की राशि उठा चुके हैं और वे निर्माण प्रारंभ नहीं किए हैं।

## मशाल जुलूस सभी जाति-धर्मों की एकता की सशक्त मिसाल है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगांगपुर

राजगांगपुर शहर का सुप्रसिद्ध चार दिवसीय झरझरा महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। परंपरा के अनुरूप महोत्सव का शुभारंभ पवित्र मशाल शोभायात्रा के साथ किया गया, जिसने पूरे शहर को उत्सव के रंग में रंग दिया। शुक्रवार सुबह पश्चिम ओडिशा के प्रसिद्ध शिवपीठ घोघडधाम में विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात विधायक डॉ. राजन एक्का ने झरझरा मशाल यात्रा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत झरझरा समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल पप्पू बाबू उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, सह.सचिव अजय कुमार साहू गोपनो भाई एवं संदीप दास के नेतृत्व में मशाल शोभायात्रा घोघडधाम से प्रस्थान कर राजगांगपुर स्थित डालमिया सीमेंट कारखाना परिसर के जगनायक मंदिर पहुंची।

- चार दिवसीय राजगांगपुर झरझरा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

### जगनायक मंदिर में पूजा, फिर नगर भ्रमण

जगनायक मंदिर में डालमिया सीमेंट के यूनिट हेड चेतन श्रीवास्तव ने मशाल यात्रा का भव्य स्वागत किया और मशाल समर्पित की। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद गाजा.बाजा के साथ शोभायात्रा ओसीएल मार्केट, बीजू पटनायक चौक, लालाबाबा मजार, सुभाष चौक और शहीद चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई महोत्सव स्थल स्थानीय फुटबॉल मैदान पहुंचीए जहां विधिवत मशाल की स्थापना की गई।

### उद्घाटन समारोह में सामाजिक एकता का संदेश

शाम को फुटबॉल मैदान में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राउरकेला के शारदा प्रसाद नायक ने फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झरझरा महोत्सव सभी जाति.धर्मों को एक सूत्र में बांधने वाला उत्सव है और यह सामाजिक सौहार्द एवं सांस्कृतिक एकता की सशक्त मिसाल प्रस्तुत करता है। सम्मानित अतिथियों के रूप में तहसीलदार जगबंधु मल्लिक एवं नगरपालिका के कार्यपालक अधिकारी गोविंद दंडसेना उपस्थित रहे।

### विभूतियों का सम्मान, संस्कृति का संगम

महोत्सव के दौरान पूर्व विज्ञान शिक्षिका डॉ. सरोजनी साहू, एकलव्य पुरस्कार प्राप्त राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नमिता टोप्पो तथा पूर्व शिक्षिका संजीता महापात्र को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

उद्घाटन समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय कलाकारों के साथ कलिंग पाइक क्रिएशन, खोरधा द्वारा प्रस्तुत पाइक नृत्य, कटक कला मंदिर का मयूरी नृत्य, राजस्थानी एवं हरियाणवी लोकनृत्य को खूब सराहना मिली। वहीं संबलपुर से आए कॉमेडी किंग योगेश जोजो एंड पार्टी ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को ठहाकों से भर दिया।

### समिति व प्रशासन की अहम भूमिका

महोत्सव को सफल बनाने में राजगांगपुर झरझरा महोत्सव समिति के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजगांगपुर पुलिस द्वारा व्यापक और चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। चार दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव न केवल लोकसंस्कृति का उत्सव है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक भी है

## कोतबा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा प्रांगण स्थित श्री श्याम मंदिर के समक्ष संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य शुभारंभ 20 दिसंबर को हुआ। समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित यह आध्यात्मिक महाकुंभ 26 दिसंबर तक चलेगा, जिसने कोतबा को मानो वृंदावन धाम में परिवर्तित कर दिया है। आयोजन के पहले दिन शनिवार को एक ऐतिहासिक और भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी मातृशक्तियों ने जब सिर पर मंगल कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। कथा व्यास मंच पर विराजमान वृंदावन धाम की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका राधे प्रिया ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मर्म समझाया। उन्होंने कहा, कि इस कलयुग में ईश्वर की प्राप्ति कठिन तपस्या से नहीं, बल्कि केवल सच्चे मन से भगवान का नाम जपने मात्र से हो जाती है। भागवत कथा साक्षात भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है, जिसके श्रवण मात्र से पापों का नाश होता है।


## धर्मशाला, मंदिर निर्माण, पौधरोपण सहित अनेक उपलब्धियां रहीं स्व. मणी देवी के नाम

**खरसिया।** नगर की प्रतिष्ठित फर्म मांगेलाल रामौतार एमआर के स्वर्गीय मांगेलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी मणी देवी अग्रवाल का स्वर्गवास 10 दिसम्बर को हो गया। सामाजिक, धार्मिक कार्यों के अलावा दानवीरता के क्षेत्र में भी इन्होंने बढ़चढ़कर भाग लिया। सामाजिक, धार्मिक क्षेत्रों में मणी देवी ने अनेकों उपलब्धियां हासिल की है।



सिविल हॉस्पिटल में मरीजों के साथ आए उनके परिजनों के लिए सेठ मांगेलाल स्मृति भवन धर्मशाला का निर्माण करवाया जिसका शुभारंभ राज्यपाल द्वारा 25 मार्च 2008 में किया गया था। पर्यावरण में इनकी गहन रुचि थी 1986,87 में ग्राम खेदापाली में 1100 पौधों का रोपण किया, आज ये पौधे विशाल वृक्ष बन प्रकृति को हरा भरा रखे हुए हैं। अपनी माता से प्रेरणा प्राप्त कर इनके पुत्रों द्वारा भी 1100 पौधों का रोपण कर उन्हें सुरक्षित रखने का संकप्ल लिया है। रीति रिवाज पत्रिका की रचियता भी मणी देवी अग्रवाल है मारवाड़ी रीति रिवाजों की जानकारी आजकल की बेटी बहूओं को कम होती जा रही है समाज के सभी रीति रिवाजों, त्योहारों को कैसे मनाएं, किस त्योहार में क्या सामग्री लगनी है उसका सम्पूर्ण विवरण आपको रितिका में पढ़ने को मिल जाएगा। उक्त किताब की रचना के लिए अग्रसेन जयंती रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन में केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और जयसिंह अग्रवाल द्वारा सम्मानीत किया गया था। मणी देवी द्वारा रायपुर के सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान में सरस्वती माता जी के मंदिर का निर्माण करवाया था जिसका अनावरण आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के द्वारा 15 जनवरी 2018 को किया गया था।

## शनि सिंघनापुर, त्रयम्बकेश्वर एवं शिरडी के लिए श्रद्धालु रवाना



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत आज वरिष्ठ नागरिकों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को तीर्थ स्थल शिरडी, शनि सिंघनापुर एवं त्रयम्बकेश्वर के दर्शन हेतु विशेष रेल यात्रा के माध्यम से रवाना किया गया। नगर निगम रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान ने आज दोपहर 1 बजे रायगढ़ रेलवे स्टेशन से तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी तीर्थ यात्रियों को ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़े ;कंबलद्ध भी वितरित किए गए। मौके पर सभापति डिग्रीलाल साहू एवं जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। उप संचालक समाज कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तीर्थयात्रा में रायगढ़ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 273 यात्रियों का चयन किया गया। शहरी क्षेत्र में नगर पालिक निगम रायगढ़ से 12, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर से 07, नगर पालिका परिषद खरसिया से 10, नगर पंचायत पुसौर, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ से 09-09 यात्री शामिल रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से जनपद पंचायत रायगढ़ से 31, खरसिया से 30, पुसौर से 33, घरघोड़ा से 15, तमनार से 27, लैलूंगा से 27 एवं धरमजयगढ़ से 42 तीर्थ यात्री शामिल थे। इसके अतिरिक्त जिला जशपुर से 391 तथा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से 116 श्रद्धालुओं सहित कुल 800 तीर्थ यात्री इस विशेष यात्रा में सम्मिलित हुए। तीर्थयात्रियों की देखरेख हेतु समाज कल्याण विभाग रायगढ़ से नोडल अधिकारी उग्रसेन पटेलए चिकित्सा सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीण चिकित्सा सहायक राजेश कुमार साहू तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक संजय कुमार यादव सहित कुल 20 अनुरक्षक तीनों जिलों से नियुक्त किए गए हैं।

## थाना बिलाईगढ़ पुलिस की अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई

**बिलाईगढ़।** पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमिषा पांडे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 19 दिसंबर को थाना बिलाईगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बगलोटा में एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री हेतु ले जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गईए जिसमें



आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम गौतम नवरत्न, पिता जितेंद्र नवरत्न, उम्र 18 वर्ष 05 माह निवासी ग्राम बगलोटा, थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छग है। आरोपी के कब्जे से 30 लीटर अवैध महुआ शराब, अनुमानित कीमत 3000 को समक्ष गवाहों के विधिवत जब्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अंडर ड्यूस बॉल टूर्नामेंट में जिंदल स्कूल ने कार्मेल स्कूल को हराया



**रायगढ़।** गुरुकुल क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित अंडर 14 ड्यूस बॉल लीग टूर्नामेंट में उद्घाटन समारोह में अभिषेक मिश्रा, विनोद सिंह राजपूत, सीनियर मैनेजर भेल महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ चंद्रहाससिंह राजपूत, सलीम निहारिया जी पार्षद अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह में थे। महेंद्र यादव ने बच्चों को खेल भावना से खेलने की सलाह दी। विनोद राजपूत ने बच्चों को हार से सबक लेने और अंपायर के निर्णय का सम्मान करने की बात कही। वहीं अभिषेक ने टूर्नामेंट के आयोजन की तारीफ की। मैच जिंदल स्कूल विरुद्ध कार्मल स्कूल के मध्य खेला जा रहा है। जिंदल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और कार्मल स्कूल को 65 रन के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। कार्मल स्कूल की तरफ से सबसे ज्यादा रन पार्थ सिंह ने 13 रन की पारी खेली और आशीर्वाद मलिक ने तेरा रंग की परी फिल्म आयुष सिंह ने 11 रन बनाए। जिंदल स्कूल की तरफ से आयुष ने तीन विकेट लिया। शशांक सोनवानी ने तीन विकेट लिया। अथर्व ने दो विकेट लिया और सिद्धांत ने एक विकेट लिया। इस तरह कार्मल स्कूल की पूरी टीम 13 ओवर 4 गेंद में 65 रन में ऑल आउट हो गई। एक छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंदल की टीम 7 विकेट से यह मैच को केवल 13 ओवर में जीतेगी।

# पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन

**धरमजयगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ में हायर सेकेंडरी के व्याख्याताओं का ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण द्वितीय चरण का पांच दिवसीय कार्यशाला 16 दिसंबर से 20 दिसंबर के मध्य संपन्न हुआ। जिसमें रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कला, वाणिज्य एवं कृषि विषय के कुल 62 व्याख्याता सम्मिलित हुए।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस संस्थान के प्राचार्य अनिल पैंकरा, द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं महत्व को विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रशिक्षण के प्रत्येक दिवस उद्घाटन सत्र में प्रतिवेदन की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस इस प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी डॉ के वी राव सरए डीएमसी आलोक स्वर्णकार सर एवं ऐ पीसी अभय पांडे के द्वारा किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी राव के द्वारा ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र निर्माण के बारीकियों को बताते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस प्रशिक्षण के डी आर जी नरेंद्र



पर्वत व्याख्याता इतिहास, राजेश पटेल व्याख्याता भूगोल, चित्रशेन पटेल व्याख्याता वाणिज्य, मुकेश मंडल व्याख्याता कृषि, मनोज कुमार जाना व्याख्याता लेखाशास्त्र एवं सुमन पटेल जी व्याख्याता अंग्रेजी रहे।

उनके द्वारा अपने अपने विषय के ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र निर्माण कराया गया साथ ही एनईपी भारतीय ज्ञान परंपरा आदि के बारे में भी बी आर साथियों को विस्तार से बताया और समूह कार्य कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी अनिल गवेल ने बताया की आगामी दिवसों में प्रशिक्षित बी आर द्वारा एससीईआरटी से प्राप्त दिशानिर्देश अनुरूप अपने अपने विकासखंड में ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न निर्माण का प्रशिक्षण संपन्न कराएंगे। यह कार्यशाला जिले के व्याख्याताओं का ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र के निर्माण की पर्याप्त जानकारी देगा, एवं ज्ञान, अवबोध, अनुप्रयोग, समझ, कौशल आदि पर आधारित प्रश्नों की प्रणाली, वस्तुनिष्ठ, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न किन.किन पाठों से और कितने कितने अंकों का पूछा जाता है आदि की स्पष्ट जानकारी कराएगा। जिससे शिक्षक, बच्चों को परीक्षा प्रणाली को बेहतर समझा पाएंगे, जिससे बच्चों का शैक्षिक उपलब्धि बढ़ेगी। उपरोक्त प्रशिक्षण को संपन्न कराने में डाइट के सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य तरुण जांगड़े वित्त प्रभारी शिवशंकर पांडे, कमिल एक्का आवास प्रभारी एवं शैली श्रीवास का विशेष सहयोग रहा।

## स्कूल में कुत्ते के जुठे भोजन के सेवन की आशंका

**सुंदरगढ़।** कुत्ते द्वारा मुंह लगाए गए जुठे भोजन के सेवन की आशंका को देखते हुए सात विद्यार्थियों को एहतियातन एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। छात्रों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यह कदम उठाया गया, जिसकी जानकारी विद्यालय प्रबंधन ने दी।

यह घटना सदर ब्लॉक के माझापड़ा स्थित ब्रजलाल उच्च विद्यालय की है। विद्यालय परिसर में एनर्जी क्लब के तत्वावधान में एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसके दौरान विद्यार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान छात्रावास में रहने वाले एक छात्र सहित कुल सात विद्यार्थियों ने उक्त भोजन ग्रहण किया। भोजन करने के बाद एक छात्र ने विद्यालय प्रशासन को सूचना दी कि जिस भोजन को विद्यार्थियों ने खाया, उसे पहले एक कुत्ते ने मुंह लगाया था। हालांकि इस सूचना की पुष्टि नहीं हो सकी, फिर भी विद्यालय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एहतियाती कदम उठाए।

सभी संबंधित विद्यार्थियों को माझापड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की सलाह पर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। चिकित्सकों द्वारा इंजेक्शन के किसी दुष्प्रभाव की संभावना न होने की जानकारी दिए जाने के बाद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने उपचार के लिए सहमति जताई। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार गोखर ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि भोजन को वास्तव में कुत्ते ने मुंह लगाया था या नहीं, लेकिन छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा अभिभावकों की सहमति से एहतियातन एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया है।



# अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' का फाइनल ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** अगस्त्य नंदा की चर्चित फिल्म 'इक्कीस' का फाइनल ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके जरिए फिल्म के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों को बारीकियों से सामने लाने की कोशिश की गई है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म क्रिसमस पर यानी, 25 दिसंबर को रिलीज होनी थी। अब इसे 1 जनवरी, 2026 को रिलीज किया जाएगा। 'इक्कीस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया इस फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। 'इक्कीस' के फाइनल ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत के डायलॉग से होती है। वह कहते हैं, उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे।

लाइफ Style

# आशिका

## मेरा किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर



अभिनेत्री आशिका पादुकोण का कहना है कि स्टार प्लस के शो 'शहज़ादी है तू दिल की' में उनका निभाया दीपा का किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है। स्टार प्लस का नया शो 'शहज़ादी है तू दिल की 'लगातार दर्शकों के दिलों को छू रहा है, और इसके असर का एक बड़ा कारण आशिका पादुकोण द्वारा निभाया गया दीपा का भावुक किरदार है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिल टूटने, ज़िम्मेदारियों और मजबूती के बीच जूझती एक मां की भूमिका निभा रहीं आशिका ने हाल ही में अपने किरदार और उसे पर्दे पर उतारते वक्त जुड़ी इमोशनल बातों को लेकर खुलकर बात की। आशिका ने दीपा की मानसिक स्थिति पर बात करते हुए कहा कि उनका किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है, लेकिन भावनात्मक सहारे की उम्मीद में वह कहीं न कहीं नाज़ुक भी है। उन्होंने कहा कि दीपा आत्मनिर्भर है, लेकिन कहीं न कहीं उसे उम्मीद थी कि भानु ज़िम्मेदारी निभाएगा। जब वह उम्मीद टूटती है, तो वह उसे अंदर से तोड़ देती है। मैंने उसी विश्वासघात, निराशा और बेबसी की भावना को महसूस किया, खासकर यह जानते हुए कि वह अपनी बेटी के भविष्य के लिए यहां तक आई है, और यही उनकी परफॉर्मेंस की भावनात्मक नींव को दर्शाता है। आशिका ने बताया कि इस किरदार का सबसे मुश्किल हिस्सा दीपा के चुपचाप सहने वाले दर्द को दिखाना था। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन बात दीपा के मन के अंदर चल रही लड़ाई को दिखाना था। वह अंदर से बहुत आहत है, लेकिन अपनी बेटी के सामने खुद को टूटने नहीं देती। बाहर से मजबूत और संभली हुई दिखते हुए उस चुपचाप टूटते दिल को दिखाना भावनात्मक तौर पर बहुत मुश्किल था।

हॉलीवुड मसाला



# नई फिल्म में करेंगे कॉमेडी...

**लॉस एंजिल्स।** सुपरस्टार टॉम क्रूज हमेशा से अपने हैरतअंगेज कारनामों के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें नए अंदाज में देखने को तैयार हो जाइए, क्योंकि नई फिल्म का ऐलान हो चुका है। अगर आप सोच रहे हैं कि यह 'मिशनः इम्पॉसिबल' सीरीज का अगला भाग होगा, तो आप बिल्कुल गलत हैं। टॉम की नई फिल्म का नाम 'डिगर' है जिसके निर्देशन की कमान एलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु ने संभाली है। फिल्म का पहला टीजर और इसकी तारीख भी आ गई है।



# पीट बने पिता, पार्टनर एल्सी संग किया पहले बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** 'द पिकअप' और 'द किंग ऑफ स्टेटन आइलैंड' जैसी फिल्मों के अभिनेता पीट डेविडसन पिता बन गए हैं। उन्होंने पार्टनर एल्सी हेविट के साथ अपने पहले बच्चे (बेटी) का स्वागत किया है। इस खुशखबरी को दोनों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए प्रशंसकों के साथ साझा किया। इस जोड़े ने अपनी नन्ही परी के नाम का खुलासा भी कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट सामने आने के बाद से प्रशंसक इस जोड़े को बधाई दे रहे हैं। एल्सी ने इंस्टाग्राम पर नन्ही परी की पहली झलक साझा की है। उन्होंने कैप्शन दिया, 'हमारी प्यारी परी बच्ची 12/12/2025 को आई। 'स्कॉटी रोज हेविट डेविडसन...' यह मेरा अब तक का सबसे अच्छा काम है, मैं प्यार, कृतज्ञता और अविश्वास से भरी हूं।' पीट ने बेटी का नाम स्कॉटी शायद अपने दिवंगत पिता स्कॉट डेविडसन के सम्मान में रखा है। एल्सी और पीट ने मार्च, 2025 में डेटिंग शुरू की थी। जुलाई में, मॉडल ने प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था।




# अक्षरा के नए गाने ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह फिर से सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस का नया गाना 'सोना के पलना' यूट्यूब पर रिलीज हो गया है और कुछ ही घंटे में इसे 11 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। ये गाना फिल्म 'अग्निसाक्षी' का है, जिसमें अक्षरा सिंह, तनुश्री और प्रदीप पांडे चिंटू लीड रोल में हैं। गाने की खुशमिजाज कहानी और रंग-बिरंगे सेट ने इसे बहुत मजेदार बना दिया है। गाने में अक्षरा सिंह पीली साड़ी में और तनुश्री हरी साड़ी में बहुत सुंदर दिख रही हैं गाने में एक बच्चे के जन्म का जश्न दिखाया गया है, जिसमें सभी झूमते हुए गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। दर्शक इस गाने में बच्चे की मासूमियत और झूमते हुए किरदारों को देखकर काफी एंजॉय कर रहे हैं। गाने की मीठी धुन और हंसी-मजाक वाला माहौल इसे और भी खास बना देते हैं।



# तू मेरी मैं तेरा... में अनन्या कार्तिक में नोकझोंक

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर जारी हो गया है। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है। निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा हैं। ट्रेलर देखने के बाद दिमाग में धर्मा प्रोडक्शन की पिछली रोमांटिक फिल्मों का रिकैप आना तय है। जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता की झलक भी दिखाई दी है, जिससे साफ है कि दोनों फिल्म का अहम हिस्सा हैं। कार्तिक ने 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन दिया, 'किस्से, कहानियां, चर्चे, दास्तांन... अधूरे इश्क के ही होते हैं।' ट्रेलर की शुरुआत तो कार्तिक, अनन्या की नोकझोंक वाली दोस्ती से होती है, लेकिन बहुत जल्द दोनों भावनाओं के दरिया में ले जाते हैं।

टीवी मसाला

# 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' से हुई शिल्पा शिंदे की वापसी

**मुंबई।** टीवी शो 'भाभीजी घर पर हैं' पिछले कई दिनों से लगातार चर्चा में है। इसका कारण शिल्पा शिंदे की शो में वापसी और पिछली 'अंगूरी भाभी' यानी, शुभांगी अत्रे की विदाई है। शिल्पा की वापसी से प्रशंसकों उत्साहित हैं। इसी उत्सुकता को बनाए रखने के लिए निर्माताओं ने शो का ट्रेलर और स्ट्रीमिंग तारीख को जारी कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' में कॉमेडी के अलावा, हॉरर का तड़का लगेगा।



***इस तारीख से दस्तक देगा 'भाभीजी घर पर हैं 2.0':*** निर्माताओं ने 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' का ट्रेलर जारी किया है, जो देखने में काफी मजेदार है। इस बार कहानी एक रहस्यमयी गांव के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जहां संस्कारी महिला की मूर्ति स्थापित है। अंगूरी भाभी और अनीता भाभी की अदला-बदली से बड़ी विपदा आ चुकी है। दोनों परिवार इससे कैसे निपटता है? यह तो शो आने पर ही पता चलेगा। 22 दिसंबर से रात 10.30 बजे 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' एंड टीवी पर से दस्तक देगा।

## मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद की 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में एंट्री

**मुंबई।** स्टार प्लस का आइकॉनिक शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी की एंट्री हो गयी है। शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब एक नए और मजेदार मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी शो में ख़ास एपिसोड्स के लिए एंट्री करने वाले हैं। गुजराती सिनेमा और टीवी में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले श्रुहद गोस्वामी को, धार्मिक हिट फ़िल्म लालो, कृष्ण सदा सहायते में कृष्ण का किरदार निभाने के लिए खूब सराहा गया है।



अब जब वे हिंदी टीवी की दुनिया में कदम रख रहे हैं, तो उनकी एंट्री से कहानी में एक ताजा और दिलचस्प बदलाव आने की उम्मीद है। श्रुहद गोस्वामी, जिन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग और मजबूत स्क्रीन प्रेज़ेंस से अपनी अलग पहचान बनाई है, अब आने वाले एपिसोड्स में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाते नज़र आएंगे। हालांकि उनके किरदार के बारे में ज़्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन खबरें हैं कि उनकी एंट्री से चल रही कहानी में बड़ा बदलाव आएगाऔर मुख्य किरदारों की भावनाओं से भरी कहानी और भी गहराई लेगी।

# 'कुश्ती' के अखाड़े में जमाएंगी रंग, ट्रेलर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** भोजपुरी एक्ट्रेस अंजना सिंह की फिल्म कुश्ती जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के बीच एक्ससाइटमेंट देखने को मिल रहा है। महिलाओं को खेल के लिए प्रोत्साहित करना 'कुश्ती' भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाती नजर आ रही है। इस फिल्म ने ये साबित कर दिया है कि महिला किरदार भी अखाड़े में उतरकर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।




***पिता के सपने को पूरा करते दिखेंगी :*** ट्रेलर में अंजना सिंह एक ऐसी बेटी की रोल निभा रही हैं, जो पिता के अधूरे सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाती है। पिता एक नामी पहलवान होते हैं, लेकिन किस्मत उन्हें खुद लड़ने का मौका नहीं देती। वो बेटी को पहलवानी की कड़ी ट्रेनिंग देते हैं और अंजना भी हर चुनौती को स्वीकार करती हैं। कहानी तब और गहराती है, जब शादी के बाद उसके सपनों पर सवाल खड़े किए जाते हैं। ससुराल की सोच और समाज की बंदिशों के बावजूद अंजना हार नहीं मानती। घर और अखाड़े के बीच संतुलन बनाते हुए वो आगे बढ़ती है, जो ट्रेलर का सबसे प्रभावशाली हिस्सा बन जाता है।

***इस दिन होगी फिल्म रिलीज :*** रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फिल्म दिसंबर 2025 के अंत तक या जनवरी 2026 की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। असल जिंदगी में भी अंजना सिंह अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं।

# अक्षय कुमार की फिल्म में 6 साल बाद विद्या बालन की एंट्री, बॉक्स ऑफिस पर होगा धमाका

**मुंबई।** अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में से एक है निर्देशक अनीस बज्मी की फिल्म, जिसके लिए दोनों 15 साल बाद साथ आए हैं। पिछले कई दिनों से इस फिल्म के लिए हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब अभिनेत्री विद्या बालन पर आकर खत्म हुई है। दोनों 6 साल बाद फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने को तैयार हैं।

### विद्या की हो गई फिल्म में एंट्री

रिपोर्ट के मुताबिक, अनीस की फिल्म में 2 अभिनेत्रियां नजर आएंगी, जिनमें से एक के लिए विद्या के नाम पर मोहर लग चुकी है।अभिनेत्री के किरदार से जुड़ी जानकारी तो बाहर नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर है कि वो अक्षय संग फिर काम करने को बेहद उत्साहित हैं। दरअसल,



विद्या और अक्षय के बीच असल में भी काफी अच्छी दोस्ती है। यही वजह है कि विद्या ने भी फिल्म के लिए हामी भरने में देर नहीं लगाई।

### इन फिल्मों में साथ दिख चुके अक्षय और विद्या

बता दें कि 'मिशन मंगल' को 40 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 300 करोड़ रुपये की कमाई की थी। सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू और कीर्ति कुल्हारी भी इसका हिस्सा थीं। साल 2007 में अक्षय और विद्या ने हिट फिल्म 'हे बेबी' में साथ काम किया था। उसी साल आई फिल्म 'भूल भुलैया' में भी अक्षय और विद्या साथ थे और उनकी इस फिल्म ने भी खूब नोट छापे थे।


### अक्षय और विद्या की आने वाली दूसरी फिल्में

अक्षय के खाते में एक से बढ़कर एक फिल्में हैं। एक ओर वो प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' में सैफ अली खान के साथ नजर आने वाले हैं, वहीं प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' भी उनके पास है। इसके अलावा दोनों फिल्म 'हेरा फेरी 3' लेकर आ रहे हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' भी अक्षय के पास है। दूसरी ओर विद्या को रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर 2' में देखा जाएगा। फिल्म में उनकी भूमिका बेहद दमदार होगी।

## 'एनिमल' भारतीय सिनेमा की दुनियाभर में सबसे कमाऊ 'ए' रेटेड फिल्म बन गई

# इन भारतीय फिल्मों ने 'ए' रेटिंग के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर किया धमाल


*__मुंबई।__ यूं तो अब भारतीय फिल्मों के लिए 500 करोड़ की कमाई बड़ी चुनौती नहीं मानी जाती, लेकिन सीमित दर्शक वर्ग, फैमिली ऑडियंस की कमी और कई बार विवादित विषयों के चलते ए-सर्टिफिकेट (एडल्ट रेटिंग) वाली फिल्मों के लिए रिकॉर्ड तोड़ पाना आसान नहीं होता। हालांकि, पिछले कुछ सालों में 'ए' रेटिंग वाली फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की है। कमाई के मामले में ये फिल्में मिसाल बन गईं। एक नजर उन्हीं धांसू भारतीय फिल्मों पर।*




**'एनिमल':** साल 2023 में आई संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी 'एनिमल' इस सूची में सबसे ऊपर है। रिलीज से पहले ही इस फिल्म को लोगों ने आड़े हाथों लिया था। फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिला था। सोशल मीडिया पर खूब आलोचना झेलने के बाद जब ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो लोग इसके दीवाने हो गए। दुनियाभर मे 915 करोड़ रुपये कमाकर रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल' भारतीय सिनेमा की दुनियाभर में सबसे कमाऊ 'ए' रेटेड फिल्म बन गई।

**'धुरंधर':** दूसरे नंबर पर है रणवीर सिंह की 'धुरंधर', जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी है। 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। इसकी रफ्तार जरा भी कम होती नहीं दिख रही है। दूसरे हफ्ते में भी देश और दुनियाभर में फिल्म का प्रदर्शन धमाकेदार रहा। फिल्म 702 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अगर यही रफ्तार बनी रही तो 'धुरंधर' भारत की टॉप 'ए' रेटेड कमाऊ फिल्मों में सबसे ऊपर पहुंचकर 'एनिमल' का रिकॉर्ड खतरे में डाल सकती है।





**'सालारः पार्ट 1':** दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 'ए' रेटेड भारतीय फिल्मों में तीसरे स्थान पर 'सालारः पार्ट 1' है, जिसके हीरो प्रभास थे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन भी थीं। 'सालार' को लेकर जो अंदाजे लगाए गए थे, वो गलत साबित हुए। 'ए' सर्टिफिकेट के बावजूद फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला और प्रभास की ये फिल्म 618 करोड़ रुपये कमाकर दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बन गई।

**'कुली' और 'कबीर सिंह':** साल 2025 में आई रजनीकांत की फिल्म 'कुली' को भी एडल्ट सर्टिफिकेट मिला और लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 518 करोड़ रुपये बटोरे। उधर साल 2019 में आई फिल्म 'कबीर सिंह' भी इस सूची में शामिल है। संदीप रेडी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में थे। आलोचनाओं के बावजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 377 करोड़ रुपये छापे थे।





## खबर संक्षेप

### गुरू घासीदास जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम ठेंगापाली में गुरू घासीदास जयंती के पावन अवसर पर नन्हें छात्रों, युवाओं एवं बडे बुजुर्गो के मिलित प्रयास से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें उक्त ग्रामीण लोगों के साथ साथ क्षेत्र के लोग भी शामिल रहे। इसमें मुख्यतः रविशंकर भारद्वाज, सीताराम चैहान, प्रेम गुप्ता, सुदामा चौहान, अनंत पंडा, अरूण बंजारे, डिलेश्वर कुर्रे, राजेश ओगरे, पदमन रात्रे, सुरेन्द्र खरे, भक्त वत्सल पंडा, नीलमणि भोय, तुसीदास जोल्हे, ज्योति रात्रे, सनत सिदार, शरण सोनी, रामु साव, फिरतुलाल भारती, विशिकेशन निषाद, कृष्णचंद पंडा, नरेश साव, एकादशिया वर्मन सहित बाल कलाकार एवं दर्शक शामिल रहे। जानकारी के मुताबिक उक्त कार्यक्रम निर्धारित तिथि में संभव नहीं हो पाने की स्थिति में बीते शनिवार को आयोजित हुआ। जिससे आयोजन को लेकर और भी तैयारी हो गई और इस प्रकार गुरू घासीदास जयंती समारोह अपेक्षा से अधिक मनभावन, रोचक एवं प्रेरणादायी रहा। आयोजन का मुख्य उद्येश्य गुरू घासीदास के प्रेरक प्रसंगों को जीवन में आत्मसात करना है। मंच में अतिथियों द्वारा प्रस्तुत उदगार में यही तथ्य सामने आया कि गुरू घासीदास ने मानवता के विकास के साथ साथ उसके स्थायित्व के लिए लाएग, सूत्र है। इनके एक सूत्र को ही जीवन में अमल किया जाए तो समाज में एक सकारात्मकता का संचार हो सकता है। प्रस्तुत किए गए पंथी गीत, नाटक इन्हीं तथ्यों पर आधारित रहा इस आशय से दर्शक दीर्घा और आयोजक मंडल एक दूसरे को बांधे रखने में कारगर साबित हुए और समूचा कार्यक्रम इस वर्ष के आयोजन में अद्वितीय रहा।

### चेक डेम निर्माण कार्य में हो रहा भारी भ्रष्टाचार

**सारंगढ़।** सारंगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रामटेक के आश्रित ग्राम गंधाराचुआ में जहां नरेगा कार्य के अंतर्गत भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। जंगली पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है और बिना सीमेंट, बिना गिट्टी के पत्थर को रख दिए हैं। जिससे साफ पता चल रहा है कि शासन के राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। कमाई का जरिए बना चेक डेम निर्माण कार्य जब इस संबंध में महेश्वर मनोहर तकनीकी सहायक को दूरभाष के माध्यम से कॉल किया गया तो उनका कहना था कि मैं देखता हूं जाकर। जंगली पत्थरों का उपयोग करना तो गलत है मैं मास्टर का रोल मूल्यांकन सत्यापन नहीं करूंगा।

### घरघोड़ा में शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**घरघोड़ा।** विकास खंड स्कूली शिक्षा बिभाग अंतर्गत गणित हिंदी पढ़ाने वाले माध्यमिक खंड के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र घरघोड़ा में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा भाषायी दक्षता को छात्र प्राप्त करते हुए पाठ्यवस्तु एवं अन्य पठन सामग्री को पढ़ने योग्य एवं नवीन पाठ्य पुस्तकों के गणितीय सवालों को शिक्षक विद्यार्थियों के समक्ष सरल विधि से हल कर सके। इस संबंध में प्रमुख प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों से चर्चा परिचर्चा की। विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज प्रधान के मार्गदर्शन मे प्रशिक्षक हरीश चंद्र साव किशोर देवांगन किशन रात्रे श्याम सुन्दर राठिया हिंदी विषय एवं कार्तिक साहू जाऊ सुनहरे पन्ना लाल कश्यप गणित विषय ने उत्साह एवं सुव्यवस्थित रूप से शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया द्यशिक्षकों ने भी कार्यक्षेत्र मे बेहतरीन ढंग से अपने विषयों मे छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने की बात कही। प्रशिक्षण के दौरान अंतिम दिवस शिक्षक विजय पंडा द्वारा आठवीं बोर्ड परीक्षा पूर्व शासन द्वारा निर्धारित ब्लु प्रिंट के आधार पर एवं शिक्षण की प्रमुख रुपरेखा शिक्षक डायरी लेखन संबंधित विचार प्रस्तुत किया गया। उपस्थित समस्त शिक्षकों ने विद्यालयों मे प्रयास परीक्षा सहित छात्राओं के भाषायी गणित के विषयों की प्रशिक्षण पश्चात विशेष सुधार एवं प्रभाव की बात कही। पांच दिवस तक नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रमुख विषय वस्तु पर गहन चर्चा परिचर्चा की गई।

## विद्यार्थियों से संवाद कर की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना

# घने वनांचल के स्कूल पहुंचे कलेक्टर शिक्षा के नवाचारों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ विकासखण्ड के दौरे पर थे। इसी दौरान उन्होंने धरमजयगढ़ तहसील के अंतिम छोर पर स्थित सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत देउरमार के आश्रित ग्राम लामीखार में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया और स्कूल में बच्चों के शारीरिकएमानसिक और बौद्धिक विकास के लिए किए जा रहे नवाचार प्रयासों का मुआयना किया और बच्चों के सीधे रुबरु हुए। उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, नवाचारों तथा समग्र शिक्षण वातावरण का अवलोकन कर विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर ने कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनकी शैक्षणिक समझ, भाषा ज्ञान एवं आत्मविश्वास का आकलन किया। विद्यार्थियों द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में सहजता से दिए गए उत्तरों से कलेक्टर अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए। उन्होंने बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमताए अनुशासन एवं सीखने की रुचि की प्रशंसा करते हुए इसे शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम बताया। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में निर्मित पूर्णतः शिक्षण.अनुकूल प्रिंट.रिच वातावरण का अवलोकन किया। कबाड़ से जुगाड़ की अवधारणा पर आधारित पवन चक्की, सौर ऊर्जा मॉडल, यातायात संकेत, माइलस्टोनए भारत एवं छत्तीसगढ़ के






मानचित्र सहित विविध शिक्षण सामग्री को उन्होंने अनुभव आधारित शिक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार के नवाचार बच्चों में जिज्ञासा तार्किक सोच एवं व्यवहारिक ज्ञान को विकसित करते हैं। कलेक्टर ने मुस्कान पुस्तकालय के अंतर्गत संचालित बंद पुस्तकालय, खुला पुस्तकालय एवं चर्चा.पत्र पुस्तकालय का निरीक्षण किया, जहां लगभग 1500 पुस्तकों का संचालन एवं रख.रखाव स्वयं विद्यार्थी करते हैं। उन्होंने बच्चों के जन्मदिवस पर आयोजित एक दिन का गुरुजी एवं श्आज का फूलश जैसी गतिविधियों को बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने वाला नवाचार बताया। निरीक्षण उपरांत कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला लामीखार को जिले के अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय मॉडल बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय में किए जा रहे नवाचारों, शिक्षण पद्धतियों एवं सामुदायिक सहभागिता को निरंतर आगे बढ़ाया जाए तथा इन्हें अन्य शालाओं में भी अपनाने हेतु प्रेरित किया जाए।

### किचन गार्डन और पर्यावरण शिक्षा की सराहना

कलेक्टर ने विद्यालय में विकसित किचन गार्डन, हर्बल गार्डन, मसाला बगान एवं गुलाब गार्डन का भी निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में लगाए गए लगभग 128 किस्मों के फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधों जिनमें अंजीर, सेव, चंदन, नींबू, कटहल, चिकोतरा एवं मौसंबी शामिल हैं, को उन्होंने पर्यावरण शिक्षा एवं व्यवहारिक अधिगम का सशक्त माध्यम बताया। कलेक्टर ने इस कार्य में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता की भी सराहना की।

### विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर जताई प्रसन्नता

लगभग 314 की आबादी वाले इस आदिवासी बहुल गांव में संचालित विद्यालय में वर्तमान में कुल 46 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 30 बालक एवं 16 बालिकाएं शामिल हैं। वर्ष 2025 में विद्यालय के 08 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय में किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं नवाचारों का प्रत्यक्ष परिणाम है, जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है।




# गुरूघासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर आज गुरु घासीदास पुष्प वाटिका ज्ञानस्थली, सारंगढ़ में भव्य एवं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सतनामी विकास परिषद के अध्यक्ष बीडी भारद्वाज तथा सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, पूर्व विधायक डॉक्टर छबिलाल रात्रे, पूर्व विधायक सुश्री कामदा जोल्हे, पूर्व विधायक केराबाई मनहर विशेष रूप से शामिल हुईं।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े ने मंच से उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों का जय सतनाम, जय भीम के गगनभेदी नारों के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी इस पावन ज्ञानस्थली में गुरु घासीदास जी की जयंती के साथ साथ रजत जयंती समारोह मना रहे हैं। उन्होंने सतनामी समाज की वर्षों पुरानी मांग को रखते हुए कहा कि गुरु घासीदास पुष्प वाटिका ज्ञानस्थली को सतनामी विकास परिषद के नाम किया जाना चाहिए, जिससे इस स्थल का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर विधायक उत्तरी जांगड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मंच से सारंगढ़ जिले की बहुप्रतीक्षित एवं जनहित से जुड़ी मांगों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद सारंगढ़ को जिला का दर्जा मिला है, जिससे क्षेत्रवासियों में विकास की नई उम्मीद जगी है। हालांकि, वर्षों से चली आ रही रायपुर सारंगढ़ झारसुगुड़ा रेल लाइन की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री स्वयं चार बार सांसद रह चुके हैंए ऐसे में जनता को उनसे विशेष अपेक्षा है कि वे इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना को स्वीकृति दिलाने के लिए ठोस पहल करेंगे।

इसके साथ ही विधायक ने सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चार महत्वपूर्ण सड़कों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि इन सड़कों को पूर्व में स्वीकृति मिलने के साथ बजट में शामिल किया गया था, बावजूद इसके अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन सड़कों के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा एवं विकास की सौगात दी जाए। विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े ने कहा कि नवगठित सारंगढ़ जिले के समग्र विकास की जिम्मेदारी अब प्रदेश सरकार की है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को विकास की नई दिशा और गति अवश्य मिलेगी।

**सीएम ने कहा जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है**

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास द्वारा दिए गए सत्य, अहिंसा और मानवता के संदेश आज भी समाज को समानताए सद्भाव और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सतनामी विकास परिषद के पदाधिकारी, समाज के अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार साथी, जिला प्रशासन तथा समाज के बड़ी संख्या में भाई बहन उपस्थित रहे। समारोह श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# तमनार में सैकड़ो लोग गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ में हुए शामिल

**तमनार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 21 दिसम्बर रविवार को गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ में तमनार के 108 से अधिक घरो में एक साथ यज्ञ हवन पूजन उपासना किया गया। 21 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे गायत्री मन्दिर तमनार में दीप प्रज्वलन कर रायगढ़ जिले के सभी ब्लाको से पधारे आचार्यो द्वारा विभिन्न टोलियो बनाकर 11:30 बजे से सभी परिजनों एवं धर्मशील भाइयों बहनों द्वारा अपने घर पर एक साथ यज्ञ किया गया। बता दें कि कोई भी कार्य एक साथ मिलकर, एक समय में, एक भाव से करने पर उसका परिणाम कई गुना बढ़ जाता



है। संघ की शक्ति, दुर्गा शक्ति परमपिता परमेश्वर से की गयी सामूहिक प्रार्थना को सुनते है एक साथ, एक समय,एक भाव के साथ वैश्विक महामारी का विनाश, विश्व में सुख-शांति- सद्बुद्धि एवं सभी स्वस्थ रहें, हमारी प्रतिरोध क्षमता बढ़े कामना की गई। गाय का घी संमिधा हवन के लिए लकड़ी आम पीपल खाकरा बड़ एवं गो गोबर के कंडे छाणे का उपयोग किया गया।

# शंकराचार्य पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन

**खरसिया।** दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए शंकराचार्य पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में आकर्षक साज-सज्जा, शानदार लाइटिंग और बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती शिखा गवेल, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, एसडीएम प्रवीन तिवारी, एसडीओपी प्रभात पटेल, स्कूल के ट्रस्टी एवं चेयरपर्सन, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं भारी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बच्चों द्वारा जागरूकता, देशभक्ति, राधा-कृष्ण लीला, वीरों की गाथा तथा छत्तीसगढ़ी सहित विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुत नृत्यों को सराहा गया। मंच से यह जानकारी भी दी गई कि अब



कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई स्कूल में ही संचालित होने से बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे अभिभावकों में विशेष उत्साह और संतोष देखने को मिला। इस अवसर पर गुरु शंकराचार्य समिति के संरक्षक एवं संस्थापक गिरधर गुप्ता ने कहा कि सत्र 2026–27 से खरसिया के विद्यार्थियों के लिए सीबीएसई इग्लिंस मीडियम में शंकराचार्य पब्लिक स्कूल में कक्षा XI एवं XII की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही नगर में प्राप्त हो सकेगी। नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग द्वारा स्कूल को 50 डिसमिल भूमि प्रदान किए जाने को शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और सराहनीय योगदान बताया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्कूल के अनुशासित वातावरण, बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास की खुलकर प्रशंसा की।

# बरमकेला में चार घंटा बिजली गुल, लोग हुए परेशान

**बरमकेला।** बरमकेला मे रविवार के दिन सुबह 11 बजे से लेकर लगभग दोपहर के 2 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के नाम पर बिजली गुल रही जिसकी सूचना नगर वासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा।

बरमकेला नगर में बीना सूचना बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। घंटों बिजली नहीं रहने से कई मोहल्लों में जलापूर्ति और विभिन्न प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा। रविवार होने की वजह से और समस्या। रविवार होने की वजह से आज के ही दिन अधिकतर लोग अपना हफ्ते भर का कार्य जैसे कपड़े धोना एघर कीएवाहनो की साफ सफाई एव अन्य विभिन्न कार्य करते है लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के इस प्रकार अचानक से बिजली कटौती के कारण लोगो को समस्याओं का सामना करना पड़ा पहले होती थी मुनादी बहुत समय से नही हो रही है। पहले जब भी मेंटेनश कार्य के लिए इस प्रकार की बिजली कटौती विभाग के द्वारा की जाती थी तो उसकी मुनादी नगर मे कराई जाति थी ताकि लोगो को पहले से पता हो जिससे वो उसी के हिसाब से अपना कार्य करते थे लेकिन कुछ समय से मुनादी का कार्य नही किया जा रहा है जिससे की हमेशा बिजली कटौती के बाद लोगो को समस्या हो रही है। कुछ लोगो को मिली वाट्सअप




के माध्यम जानकारी मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोगों तक बिजली कटौती की खबर सुबह वाट्सअप के माध्यम से मिली यह भी कुछ सिमित लोगो तक जबकि बरमकेला की जनसंख्या का 60 प्रतिशत हिस्सा किसी इस प्रकार के ग्रुप मे एड नही होने के कारण इस जानकारी से वँचित रह गया क्या इस प्रकार की खानापूर्ति के लिए सूचना देना कितना वाजीब है। इस संबंध में बरमकेला सीएसपीसीडीएल के जेई एकता मैडम ने कहा कि प्रकाश ऐप में सूचना डाली गई है, मुनादी के बारे में मुझे भी जानकारी नहीं है अभी मै नई-नई आई हूं।

### दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प 23 को

**रायगढ़।** मूकबधिर एवं श्रवणबधिर दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 दिसंबर को किया जा रहा है। यह कैम्प सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के बाजू, सिविल लाइन्स, रायपुर में आयोजित होगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट के 10 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को स्कैनिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, पैकिंग, पिकिंग एवं शॉर्टिंग जैसे कार्य करने होंगे। चयनित आवेदकों को 11 से 14 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा तथा कार्यस्थल तेन्दुआ हीरापुर, रायपुर रहेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में छत्तीसगढ़ राज्य के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष मूकबधिर श्रवणबधिर दिव्यांगजन भाग ले सकते हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल छाल में वार्षिकोत्सव की धूम, छात्रों ने अपनी प्रतिभा से मोहा मन

**नवापारा/छाल।** स्थानीय डीएव्ही पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य के. डी. शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की शैक्षणिक और खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत विविध कार्यक्रम रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीतों पर आधारित समूह नृत्य ने जहां



दर्शकों में जोश भर दिया] वहीं विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटकों के माध्यम से समाज को सार्थक संदेश भी दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एके चौबे, उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में राजकुमार शर्मा, प्राचार्य डीएव्ही पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलाईपाली घरघोड़ा, संगीता सिंह, संस्था प्रमुख, डीएव्ही पब्लिक स्कूल मोनेट नहरपाली, संदीप पटेल, संस्था प्रमुख, डीएव्ही पब्लिक स्कूल खमरिया, बलौदा बाज़ार, जेसीसी सदस्य सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी।

## आपरेशन की टीम ने माइंस की टीम को 2.1 से किया परास्त

# जेपीएल में अंतर्विभागीय वॉलीबाल स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जिंदल पावर लिमिटेड तमनार खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के सदैव प्रतिबद्ध रहा है। इसी क्रम में संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों में निहित प्रतिभा को निखारने व उनके खेल कला का बेहतर प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच प्रदान करने के लिए जेपीएल आफिसर्स क्लब तमनार ने आवासीय कालोनी सावित्रीनगर में अंतर्विभागीय वालीबाल प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया। जिसका समापन आज संस्थान के दो दमदार टीमें माइंस एवं आपरेशन के बीच खेली गई।

जिसमें आपरेशन की टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में माइंस की टीम 03 सेट के मैच में 2-1 से पराजित कर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग के मैच में प्रेरणा




महिला मण्डल की टीम ए ने टीम बी को हराकर मैच विजेता बनी। प्रतियोगिता में संस्थान की कुल 12 पुरूष एवं महिलाओं की 04 टीमों ने प्रतियोगिता में शिरकत की। जेपीएल तमनार के आवासीय कालोनी सावित्रीनगर में स्थित सुसज्जित खेल मैदान में कृत्रिम दूधिया रोशनी एवं भारी संख्या में कर्मचारियों उनके परिवार के सदस्यों, खेलप्रेमी अतिथियों और स्थानीय खेल प्रतिभाओं की उपस्थिति में अंतर्विभागीय वालीबाल प्रतियोगिता 2025 का फायनल मैच जी वेंकट रेड्डी, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य एवं प्रकाश अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, संदीप सांगवान, उपाध्यक्ष, राजेश दूबे, उपाध्यक्ष, विजय जैन, सहायक उपाध्यक्ष, संजीव परासरी, सहायक उपाध्यक्ष, नीरज चैबे महाप्रबंधक जेपीएल तमनार, प्रेरणा महिला मण्डल की श्रीमती अनिता सांगवान, श्रीमती प्रियंका कुमारी के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन के दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जी वेंकट रेड्डी ने अपने सम्बोधन में कहा अंतर्विभागीय वालीबाल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन कर्मचारियों की खेल प्रतिभा को निखारने, संवारने व उनके प्रतिभा प्रदर्शन के लिए शानदार मंच हैं। प्रतियोगिता में कर्मचारियों एवं महिलाओं की शानदार सहभागिता ने प्रतियोगिता को सफलता के शीर्ष पर पहुचाया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों में बेहतर खेल भावना प्रदर्शित करने के लिए सभी का आभार प्रदर्शन किया। वहीं प्रतियोगिता के फायनल में आज दो मजबूत टीमों माइंस एवं आपरेशन के मध्य खेली गई।

# लालपुर में अवैध महुआ शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माणए भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने थाना तमनार अंतर्गत ग्राम लालपुर में अवैध महुआ शराब की बड़ी खेप जप्त की है।

आबकारी विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर 19 दिसम्बर को आबकारी वृत्त घरघोड़ा की टीम ने ग्राम लालपुर निवासी हीरालाल कालंगा, पिता रामलाल कालंगा के कब्जे से कुल 18.200 लीटर महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3,640 रुपए आंका गया है।



आबकारी विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक सुश्री रागिनी पटेल एवं कुशल पटेल, मुख्य आरक्षक राजेश्वर ठाकुर तथा आबकारी आरक्षक लाकेश नेताम, प्रवीण जांगड़े एवं कुमारी अनिशा तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।